# 2 राजस्थान के महल, पैलेस व स्मारक

1. निम्न में से कौनसी ईमारत जयपुर के सिटी पैलेस में नहीं है?–
(1) मुबारक महल (2) कदमी महल
(3) चन्द्र महल (4) पोथी खाना (2)

व्याख्या– कदमी महल जयपुर के सिटी पैलेस में नहीं है, कदमी महल आमेर किले में स्थित हैं।

2. हाड़ी रानी का महल कहाँ पर स्थित है?
(1) देवगढ़ (राजसमंद) (2) गोगुन्दा (उदयपुर)
(3) सलुम्बर (उदयपुर) (4) नागदा (उदयपुर) (3)

3. जगमंदिर महल उदयपुर की किस झील के मध्य स्थित है?
(1) पिछोला (2) फतेहसागर
(3) स्वरूपसागर (4) उदयसागर (1)

4. जूना महल कहाँ स्थित है?
(1) राजसमंद (2) बीकानेर
(3) बारां (4) डूँगरपुर (4)

5. डूँगरपुर में बना बादल महल किस झील के मध्य बना है?
(1) फूलसागर (2) छत्रविलास तालाब
(3) गैप सागर (4) उदयसागर (3)

व्याख्या– बादल महल का निर्माण महारावल पुंजराज द्वारा करवाया गया था।

6. 'हाड़ौती का ताजमहल' किसे कहा जाता है?
(1) जगमंदिर महल (2) अभेड़ा महल
(3) बादल महल (4) अबला मीणी का महल (4)

7. अभेड़ा महल कहाँ स्थित है?
(1) कोटा (2) बूँदी (3) बारां (4) झालावाड़ (1)

8. विजयमंदिर पैलेस कहाँ स्थित है?
(1) कोटा (2) झालावाड़
(3) भरतपुर (4) अलवर (4)

व्याख्या– विजयमंदिर पैलेस अलवर शहर से 11 किमी दूर स्थित है। यह पैलेस विजयसागर झील के किनारे स्थित है। यहाँ पर सीताराम का भव्य मंदिर बना है।

9. हवामहल का निर्माण कब करवाया गया था?
(1) 1799 (2) 1699 (3) 1899 (4) 1793 (1)

व्याख्या– हवामहल का निर्माण 1799 ई. में सवाई प्रतापसिंह ने करवाया था।

10. जयपुर स्थित मुबारक महल के निर्माता कौन थे ?
(1) माधोसिंह द्वितीय (2) सवाई प्रतापसिंह
(3) ईश्वरी सिंह (4) सवाई जयसिंह (1)

व्याख्या– इसका निर्माण माधोसिंह द्वितीय ने 1900 ई. में अतिथियों को ठहराने के लिए सर सैम्यूल स्विंटन जैकब की देखरेख में करवाया था।

11. अल्बर्ट हॉल (जयपुर) के वास्तुकार थे?
(1) लालचन्द उस्ता (2) सैम्यूल स्विन्टन जैकब
(3) एडवर्ड ब्रेडफोर्ड (4) ए.एच. मूलर (2)

12. खेतड़ी महल कहाँ पर स्थित है?
(1) बिसाउ (2) नवलगढ़ (3) झुंझुनूं (4) खेतड़ी (3)

व्याख्या– ध्यान रहे यह महल खेतड़ी में नहीं है, झुंझुनूं में स्थित है। इसका निर्माण खेतड़ी के महाराजा भोपालसिंह ने 1770 ई. में ग्रीष्म ऋतु में विश्राम हेतु झुंझुनूं में करवाया था।

13. तीन मंजिला बना हुआ एक थम्बा महल कहाँ पर स्थित है?
(1) निम्बाहेड़ा (चित्तौड़गढ) (2) आहड़ (उदयपुर)
(3) डूँगरपुर (4) मंडोर (जोधपुर) (4)

14. 'राजस्थान का ताजमहल' के नाम से किसे जाना जाता है?
(1) काकाजी की दरगाह (2) अबला मीणी का महल
(3) तलहटी महल (4) जसवंत थड़ा (4)

व्याख्या– जसवंत थड़ा का निर्माण सरदार सिंह ने 1906 ई. में अपने पिता जसवंत सिंह द्वितीय की याद में करवाया था।

15. अजमेर स्थित 'अढ़ाई दिन का झौपड़ा' को किसने संस्कृत पाठशाला से मस्जिद में परिवर्तित कर दिया था?
(1) मोहम्मद गारी (2) इल्तुतमिश
(3) कुतुबुद्दीन ऐबक (4) शेरशाह सूरी (3)

16. अजमेर स्थित मेयो कॉलेज की स्थापना कब की गई थी?
(1) 1870 (2) 1879 (3) 1899 (4) 1875 (4)

व्याख्या–1870 ई. के लार्ड मेयो के 'अजमेर दरबार' में इस कॉलेज खोलने का प्रस्ताव रखा गया था। इसके बाद अक्टुबर 1875 में इस कॉलेज की स्थापना अजमेर में की गई।

17. मेयो कॉलेज के भवन का उद्घाटन किसने किया था?
(1) लार्ड डफरीन (2) लार्ड विलियम बैंटिक
(3) एडवर्ड ब्रेडफोर्ड (4) लार्ड लिनलिथगो (1)

व्याख्या– कॉलेज के इस भवन का निर्माण 1877 से 1885 ई. के मध्य हुआ। मेयो कॉलेज के इस भवन का उद्घाटन 'लार्ड डफरीन' ने 7 नवम्बर 1885 को किया।

18. सुनहरी कोठी कहाँ स्थित है?
(1) टोंक (2) धौलपुर (3) डूँगरपुर (4) जोधपुर (1)

19. तलहटी महल कहाँ स्थित है?
(1) चितौड़गढ़ (2) उदयपुर (3) डूँगरपुर (4) जोधपुर (4)

20. जोधपुर स्थित जसवंत थड़ा का निर्माण किसने करवाया था?
(1) सरदार सिंह (2) जसवंत सिंह द्वितीय
(3) उम्मेद सिंह (4) तख्त सिंह (1)

21. किस महल को 'शेखावाटी का हवामहल' कहा जाता है–
(1) सिंघानिया हवेली (2) खेतड़ी महल
(3) नादिन ला प्रिन्स हवेली (4) सोने चाँदी की हवेली (2)

व्याख्या– खेतड़ी के महाराजा भोपालसिंह ने 1770 ई. में ग्रीष्म ऋतु में विश्राम हेतु झुंझुनूं में खेतड़ी महल का निर्माण करवाया था। इसे राजस्थान का दूसरा हवामहल भी कहा जाता है।

22. बीजोलाई का महल कहाँ पर स्थित है?
(1) पाली (2) बाड़मेर (3) जालौर (4) जोधपुर (4)

23. हवामहल की मंजिलों का सही क्रम क्या है?
(1) शरद मंदिर, रत्नमंदिर, विचित्र मंदिर, प्रकाश मंदिर, हवामंदिर
(2) शरद मंदिर, विचित्र मंदिर, हवामंदिर, रत्नमंदिर,प्रकाश मंदिर,
(3) प्रकाश मंदिर, रत्नमंदिर, हवामंदिर, भारद मंदिर, विचित्र मंदिर
(4) विचित्र मंदिर, प्रकाश मंदिर, रत्नमंदिर, हवामंदिर, शरद मंदिर (1)

24. निम्न में से कौनसा भवन अलवर में नहीं है?
(1) विजयमंदिर पैलेस (2) होप सर्कस
(3) सिटी पैलेस (4) केसर निवास महल (4)

व्याख्या– केसर निवास महल सिरोही में है।

25. डूँगरपुर का 'एक थम्बिया महल' किस झील के किनारे बना है?
(1) फूलसागर (2) छत्रविलास तालाब
(3) गैप सागर (4) उदयसागर (3)

व्याख्या– गैप सागर झील के तट पर बने उदयविलास महल के अन्दर एक थम्बिया महल बना हुआ है जिसका निर्माण महारावल शिव सिंह ने राजामाता ज्ञान कुंवर की स्मृति में शिव ज्ञानेश्वर शिवालय के रूप में करवाया था।

26. हवामहल की कितनी खिड़कियाँ हैं?
(1) 853 (2) 963 (3) 953 (4) 753 (3)

27. महाराणा प्रताप स्मारक कहाँ पर स्थित है?
(1) मोती डूंगरी (जयपुर) (2) मोतीमगरी (उदयपुर)
(3) मेड़ता (नागौर) (4) आमेर (जयपुर) (2)

व्याख्या–उदयपुर में फतेहसागर झील किनारे 'मोती मगरी' नामक पहाड़ी पर महाराणा प्रताप का स्मारक बना है।

28. जयपुर का जलमहल किस झील के मध्य बना है?
(1) कानोता (2) गूलर झील
(3) रामगढ़ झील (4) मानसागर (4)

29. डूँगरपुर के 'एक थम्बिया महल' का निर्माण किसने करवाया था ?
(1) महारावल माधोसिंह (2) महारावल शिवसिंह
(3) महारावल पूंजराज (4) महारावल किशनसिंह (2)

30. अबला मीणी के महल का निर्माण किस शासक ने करवाया था?
(1) राव दुर्जनशाल (2) राव मुकुन्दसिंह
(3) महाराव अभयसिंह (4) महाराव रामसिंह (2)

व्याख्या– इस महल का निर्माण कोटा के शासक मुकुन्दसिंह ने अपनी पासवान अबली मीणी के लिए करवाया था।

31. कौनसा भवन 'हाड़ौती का हवामहल' कहलाता है?
(1) जगमंदिर (2) अभेड़ा महल
(3) अबला मीणी का महल (4) सूख महल (2)

व्याख्या– चम्बल नदी किनारे स्थित इस महल का निर्माण महाराव अभयसिंह हाड़ा ने करवाया था। यह स्थान अपने विशाल तालाब, जलकुण्ड व उद्यानों के कारण दर्शनीय है।

32. हवामहल के वास्तुकार कौन थे?
(1) लालचंन्द (2) बालमुकुन्द (3) फर्ग्यूसन (4) विद्याधर (1)

33. कोटा के जगमंदिर महल का निर्माण किसने करवाया था?
(1) राव दुर्जनशाल (2) राव मुकुन्दसिंह
(3) महाराव अभयसिंह (4) महाराव रामसिंह (1)

व्याख्या– यह महल कोटा के किशोर सागर तालाब के मध्य बना है

34. जयपुर के सिटी पैलेस का निर्माण किसने करवाया था?
(1) सवाई जयसिंह (2) माधोसिंह द्वितीय
(3) मानसिंह प्रथम (4) रामसिंह द्वितीय (1)

व्याख्या– जयपुर के सिटी पैलेसे का निर्माण सवाई जयसिंह द्वारा 1729 ई. से 1732 ई. के मध्य करवाया गया।

35. जयपुर स्थित खगोलीय वेधशाला 'जंतर मंतर' का निर्माण किसने करवाया था?
(1) मानसिंह प्रथम (2) मिर्जा राजा जयसिंह
(3) रामसिंह द्वितीय (4) सवाई जयसिंह (4)

36. जयपुर के परकोटे को गेरूआ रंग से किस शासक के समय रंगवाया गया था?
(1) सवाई जयसिंह (2) माधोसिंह द्वितीय
(3) माधोसिंह प्रथम (4) रामसिंह द्वितीय (4)

37. जयपुर के परकोटे को यूनेस्को ने कब विश्व धरोहर की सूची में शामिल किया है?
(1) 6 जुलाई 2019 (2) 6 अगस्त 2019
(3) 6 मई 2019 (4) 6 सितम्बर 2019 (1)

38. जयपुर के जंतर मंतर में कितने खगोलीय उपकरण लगे हैं?
(1) 12 (2) 16 (3) 19 (4) 24 (3)

39. कायलाना की पहाड़ियों में बीजोलाई के महल का निर्माण किस मारवाड़ शासक ने करवाया था?
(1) महाराजा मानसिंह (2) महाराजा सरदार सिंह
(3) महाराजा तख्तसिंह (4) महाराजा सूरसिंह (3)

40. अलवर के प्रसिद्ध सिलीसेढ़ पैलेस का निर्माण किसने करवाया था?
(1) जयसिंह (2) बख्तावर सिंह
(3) विनयसिंह (4) मंगलसिंह (3)

41. महारानी विक्टोरिया की स्वर्ण जयंती के स्मृति स्वरूप बना जुबली क्लॉक टॉवर कहाँ स्थित है?
(1) जयपुर (2) उदयपुर
(3) अजमेर (4) जोधपुर (3)

# तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती मुख्य परीक्षा– 2022 के लिए सर्वश्रेष्ठ पुस्तकें–







**धींधवाल पब्लिकेशन की उपरोक्त पुस्तकें राजस्थान के सभी शहरों में प्रमुख बुक स्टोर पर उपलब्ध हैं। ऑनलाईन ऑर्डर कर घर बैठे मंगवाने के लिए मोबाईल नंबर 7725969600 (कानाराम जी) पर फोन या वाट्सअप मैसेज करें।**